Name		Roll Number	

SET A

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-20

HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code:MWHN309

CLASS: V

Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

27.02.2020

Marks

प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़कर किसने, किससे कहा लिखिए। 1×2=2

1 "चलो,अब हम सब यहाँ एक खेल खेलें।"

2 "मुझे खुशी है कि तुम सत्य पर टिके रहे।"

प्रश्न 2 दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से सही शब्द चुनकर लिखिए। 1×3=3

1 नंदन वन की ओर जाते समय बच्चों को बस में बड़ा ——— आया। (नींद/आनंद)

2 नीम ——— को शुद्ध होने में मदद करता है। (हवा/दवा)

3 वेणुगोपाल जी ने मेज़ पर पड़ी अपनी ——— उठाई। (घड़ी/छड़ी)

प्रश्न 3 दिए गए वाक्यों को पठित पाठ के आधार पर सही या गलत पहचानकर लिखिए। 1×3=3

1 नीम की पत्तियों से तेल बनाया जाता है। ———

2 पेट की बीमारी में नीम के जड़ का प्रयोग होता है। ———

3 वेणुगोपाल जी उग्र स्वभाव वाले अध्यापक हैं। ———

प्रश्न 4 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति पठित पाठ के आधार पर कीजिए। 1×4=4

1 कक्षाध्यापिका ने सभी बच्चों को ——— में बुलाया।

2 लंबी-छोटी, गोल-तिकोनी और ———— न जाने कितनी तरह की पत्तियाँ थी।

3 वेणुगोपाल जी बच्चों को——— पढ़ाते थे।

4 शाम को बच्चे——— खेलने जाने वाले थे।

प्रश्न 5 नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। 1×4=4

1 रास्ता 2 अनाज 3 शरारती 4 विश्वास

प्रश्न 6 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए। 1×8=8

(क) पेट (ख) ऊनी (ग) पेड़ (घ) ठानी

(ङ) फूल (च) नाज (छ) निबौरी (ज)बीमारी

प्रश्न 7 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। 2×5=10

1 बरगद और तेंदू के पत्तों से बनने वाली दो वस्तुओं के नाम लिखिए।
2 स्वामी विवेकानंद जी के गुरु का नाम क्या था?
3 पेट की बीमारी में नीम का कौन सा भाग प्रयोग होता है ?
4 स्वामी विवेकानंद जी का जन्म कब हुआ?
5 नीम हवा को शुद्ध होने में कैसे मदद करता है ?

प्रश्न 8 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (Any two) 3×2=6

1 नंदन वन पहुँचकर बच्चों ने क्या देखा ?
2 "नहीं काटना मुझको तुम" नीम ने ऐसा क्यों कहा ?
3 हमें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से क्या सीख लेनी चाहिए?

प्रश्न 9 दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचान कर लिखिए। 1×2=2

1 रानी के पास एक सुंदर कलम है।
2 पेड़ पर कुछ आम लगे हैं।

प्रश्न10 दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। 1×4=4

(क) घोड़ा (ख)शाखा (ग) पत्ता (घ) बात

प्रश्न11 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए । 1×4=4

1 भारत की <u>नदी</u> पवित्र होती है।
2 <u>बच्चा</u> पतंग उड़ा रहा है।
3 घर की <u>दीवार</u> नीले रंग की है।
4 <u>लड़की</u> चित्र बना रही है।

प्रश्न12 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1×5=5

1 सुबह 2 जल 3 चाँद 4 माँ 5 मित्र

प्रश्न13 दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द पहचान कर लिखिए। 1×2=2

1 बच्चे नाच रहे हैं।

2 कुम्हार घड़ा बनाता है।

प्रश्न14 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित <u>क्रिया</u> शब्दों द्वारा कीजिए। 1×4=4

1 पिताजी चाय ———— ।

2 सोनी पत्र ———— ।

3 राजू मैदान में ————।

4 श्यामा चित्र ———— ।

प्रश्न15 दिए गए वाक्यों को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । 1×2=2

1 वे लिख रहे हैं।

2 राम पुस्तक पढ़ता है।

प्रश्न16 दिए गए वाक्यों को हिंदी में अनुवाद कीजिए। 1×2=2

1 He is playing.

2 Mother cooks food.

प्रश्न17 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1×5=5

एक मुर्गी थी।उसके दो चूजें थे।एक का नाम लालू और दूसरे का नाम पीलू था।लालू लाल चीज़ें खाता था।पीलू पीली चीज़ें खाता था।एक दिन लालू ने एक पौधे पर कुछ लाल-लाल देखा।लालू ने उसे खा लिया।अरे,यह तो लाल मिर्च थी! लालू की जीभ जलने लगी।वह रोने लगा।मुर्गी दौड़ी हुई आई।पीलू भी भागा।वह पीले-पीले गुड़(Jaggery)का टुकड़ा ले आया। लालू ने झट से गुड़ खाया।उसके मुँह की जलन ठीक हो गई।मुर्गी ने लालू और पीलू को लिपटा लिया।

1 मुर्गी के चूजों के नाम लिखिए।

2 लालू ने एक दिन क्या देखा?

3 पीलू क्या लेकर आया?

4 लालू क्यों रोने लगा?

5 निम्नलिखित शब्दों का वचन शब्द उपयुक्त गद्यांश से ढूँढकर लिखिए।

(क)टुकड़ा (ख)पौधा

प्रश्न18 किसी एक विषय पर लगभग 50 से 60 शब्दों में निबंध लिखिए। 1×10=10

1 मेरी माँ **2** पेडों का महत्व **3** मेरा प्रिय खेल

End of the question paper.